## सार-समाचार

### किसान सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री करवाएं

**धौलपुर ( निसं )।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर, एग्रीस्टैक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानो के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानो के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला नोडल अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री एवं उपखण्डाधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री से वंचित सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनबाने के लिए ई-मित्र सीएससी तथा पटवारी से संपर्क कर कर सकते हैं। जिससे केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओ जैसे- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजनाए एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानो को भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित होना पड सकता है।

### यूजीसी विनियम के विरोध में बैठक आज

**करौली।** यूजीसी विनियम 13 जनवरी 2026 के विरोध में 24 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे अग्रवाल धर्मशाला में आवश्यक चिंतन बैठक आयोजित की जाएगी।यूजीसी एवं एट्रोसिटी एक्ट विरोध संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजन एवं युवा वर्ग भाग लेकर विनियम के प्रभावों पर चर्चा करेंगे तथा आगे की रणनीति तय करेंगे। समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुझाव देने की अपील की है।

### घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई

**धौलपुर, ( निसं )।** घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को धौलपुर जिले के सरमथुरा क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय की प्रवर्तन टीम द्वारा सघन कार्रवाई की गई। प्रवर्तन दल ने सरमथुरा शहर स्थित तीन प्रतिष्ठानों-मलाई मिष्ठान भंडार, लियाकत स्वीट एंड लस्सी तथा शर्मा होटल पर आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान इन प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। टीम ने मौके से कुल 12 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली एवं गैस भट्टियां जब्त कीं। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल करना आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत दंडनीय अपराध है। संबंधित संचालकों को घरेलू गैस का अवैध भंडारण एवं व्यावसायिक उपयोग नहीं करने के लिए पाबंद किया गया है तथा प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस के दुरुपयोग, अवैध भंडारण, विक्रय एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी गजेंद्र बाबू शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक जितेंद्र गोदवाल सहित टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि घरेलू गैस के दुरुपयोग संबंधी जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### जिला स्तरीय राजसखी मेला संपन्न

**करौली।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राजसखी मेला उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा रहे। मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, परिधान एवं घरेलू वस्तुओं की अच्छी बिक्री हुई। सर्वाधिक विक्रय करने वाली तीन महिला उद्यिमयों को सम्मानित किया गया। लकी ड्रॉ के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। अधिकारियों ने कहा कि राजसखी मेला ग्रामीण महिलाओं की आय वृद्धि एवं आत्मनिर्भरता का प्रभावी मंच है।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** कंडेरा समाज युवा महासभा राजस्थान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कंडेरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीणा को दिया गया। इसमें कंडेरा कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की गई है। ज्ञापन में समाज की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया गया। बताया गया कि कंडेरा समाज राजस्थान में अन्य पिछड़ा वर्ग की अधिसूचित सूची में शामिल है और प्रदेश में इसकी आबादी 25 से 30 लाख है। परंपरागत रूप से यह समाज रुई धुनने के कार्य पर निर्भर है। आधुनिक मशीनों के कारण उन्हें रोजगार संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह कार्य वर्ष में सीमित अवधि का होता है, जिससे समाज के लोगों को पलायन करना पड़ता है। इससे बच्चों की शिक्षा और भविष्य प्रभावित हो रहा है। समाज ने यह भी बताया कि स्वतंत्रता के बाद से कंडेरा समाज का कोई भी प्रतिनिधि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या ब्लॉक स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। इससे समाज के विकास की गति धीमी रही है। कंडेरा कल्याण बोर्ड के गठन से युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार, आवासीय सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रभावी लाभ मिल सकेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कंडेरा के साथ महेश चंद्र, गिर्राज, पीतम, खंडेरा, रंजीत सोनू कंडेरा, विष्णु कुमार, शंभू दयाल, दयाराम, महेश, मदन मोहन, बाबूलाल, सोनू कंडेरा, सुग्रीव कंडेरा और नरेश कुमार सहित समाज के कई सदस्य मौजूद रहे।

### एआई इंपैक्ट समिट में हंगामे पर भाजपा का विरोध

**करौली।** नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हंगामे की भाजपा ने कड़ी निंदा की है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जब देश तकनीकी क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है, तब इस प्रकार का व्यवहार राष्ट्रीय छवि को धूमिल करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विरोध केवल राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है और इससे देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

### विधानसभा घेराव को लेकर सैनी समाज की बैठक

**भरतपुर ( निस )।** आरक्षण संघर्ष समिति के जिला संयोजक रामगोपाल सैनी एडवोकेट की अध्यक्षता में विधानसभा घेराव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 25 फरवरी को 12: आरक्षण की मांग को लेकर राजस्थान विधानसभा का घेराव किए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आरक्षण संघर्ष समिति, भरतपुर के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि सैनी, माली, कुशवाहा, मौर्य एवं मुरार समाज लंबे समय से 12: आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलनरत है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि समाज की जायज मांगों को लेकर 25 फरवरी को होने वाले विधानसभा घेराव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि भरतपुर जिले से 31 फोर-व्हीलर वाहनों में सैनी समाज के सैकड़ो की संख्या में लोग जयपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव में भाग लेंगे।

### बयाना में बस संचालकों का फूटा गुस्सा

**बयाना भरतपुर ( निस )।** बयाना में सोमवार को लोक परिवहन बस संचालकों का गुस्सा उस वक्त फूट पड़ा जब उन्होंने परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बस संचालकों ने उपखंड अधिकारी के रीडर को ज्ञापन सौंपकर नई समय सारिणी को रद्द करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हाल ही में भरतपुर आरटीओ इंदू मीणा द्वारा जारी नई समय सारिणी में भारी पक्षपात किया गया है। पहले सभी बसों को 16-16 मिनट के समान अंतराल पर संचालित किया जा रहा था, लेकिन नई व्यवस्था में किसी बस को 12 मिनट, किसी को 23 मिनट तो किसी को 37 मिनट का अंतराल दिया गया है। ज्ञापन देने वाले राजेंद्र कसाना ने आरोप लगाया कि विभाग की मिलीभगत से समय सारिणी बदली गई है।

# जल जीवन मिशन के विद्युत कनेक्शन शीघ्र करने के निर्देश : कलक्टर



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

- **प्रकरणों का त्वरित समाधान एवं तर्कसंगत किया जाना करें सुनिश्चित**

**धौलपुर,( निसं )।** फ्लैगशिप योजनाएं, बजट घोषणा, राज उन्नित, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने बैठक के दौरान आपदा प्रबंधन के तहत स्वीकृत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सबंधित विभाग शत-प्रतिशत स्वीकृत राशि का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लिया जाए तथा त्वरित समाधान एवं तर्कसंगत किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में सड़कों की मरम्मत की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, तथा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सरमथुरा चिकित्सालय में विद्युत कनेक्शन शीघ्र करवाया जाए जिससे चिकित्सालय में सुचारू रूप से कार्यों का संचालन किया जा सके।

इसके साथ ही जल जीवन मिशन के विद्युत कनेक्शनों को शीघ्र करने के निर्देश देते हुए कहा कि कनेक्शन होने के उपरांत गर्मी के मौसम में आमजन को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित होने वाले आगामी रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे इसलिए संबंधित विभाग अपने विभागीय स्तर पर तैयारियां पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करे।

### धूलंडी पर मदन मोहन जी मंदिर में नहीं होंगे झूला दर्शन

**करौली( निसं )।** इतिहास में पहली बार धूलेंडी के अवसर पर श्री मदन मोहन जी मंदिर में झूला दर्शन नहीं होंगे। मंदिर ट्रस्ट के विशेष अधिकारी किशनपाल सिंह जादौन एवं मुख्य पुजारी अनूप गोस्वामी ने बताया कि 3 मार्च 2026 को फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण यह निर्णय लिया गया है। चंद्र ग्रहण का सूतक प्रात: 6:45 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6:47 बजे मोक्ष तक रहेगा। इस दौरान झूला दर्शन के पट बंद रहेंगे। मंदिर प्रशासन ने दर्शन समय में परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: मंगला आरती 4:00 बजे, धूप आरती 4:30 बजे, श्रृंगार आरती 5:00 बजे, राजभोग आरती 5:50 बजे तथा पट मंगल 6:30 बजे होंगे। संध्याकाल में 7:45 बजे ग्रहण आरती, 8:10 बजे धूप आरती, 8:35 बजे संध्या आरती, 8:50 बजे उल्लई झांकी तथा 9:45 बजे शयन आरती व पट मंगल होंगे। 4

### डीन डॉ. उदय भान सिंह की किसानों को सलाह

**भरतपुर ( निस )।** आम और नींबू में फरवरी माह में फूल आ रहा है, पुष्पावस्था में इन फलों के बगीचों में सिंचाई नहीं करनी चाहिए। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि फूल आने की अवस्था में इन पौधों में सिंचाई करने से वानस्पतिक वृद्धि होने लग जाती है, परिणामस्वरूप पौधे के कार्बन-नाइट्रोजन अनुपात में असंतुलन होने से फूल गिर जाता है और पैदावार में भारी कमी आ सकती है। आम और नींबू में पुष्पावस्था के दौरान कीटनाशी का छिडकाव नहीं करना चाहिए। मधुमक्खी सहित अन्य कीट परागण क्रिया में सहायक होते हैं। कीटनाशी के छिड़काव से ये कीट मर जाते हैं और फलन कम होता है। अत: किसान इन फलों में सिंचाई एवं कीटनाशी का छिड़काव मध्य मार्च के बाद करें जबकि इनमें फल बनने लग जाता है। ज्ञातव्य है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भरतपुर कृषि संभाग में आम की खेती धीरे-धीरे कम हो रही है।

# शहर में नियमित साफ-सफाई की करें प्रभावी मॉनिटरिंग

- **संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई, डीसी कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध करें निस्तारण-डीसी**

**भरतपुर ( निस )।** राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, 2024-25 एवं 2025-2026 की बजट घोषणाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर सोमवार को संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया की अध्यक्षता में संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा जिन परियोजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनमें समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति प्रदान की जाए। उन्होंने आगामी पंचायती राज चुनावों को ध्यान में रखते हुये निविदा प्रक्रिया को आचार संहिता से पूर्व करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आरयूआईडीपी विभाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए भरतपुर शहर में संचालित विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त को शहर के विभिन्न वार्डों में नियमित साफ-सफाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने शहर में खराब एवं कम रोशनी वाली स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश प्रदान किए। सीवरेज, जलापूर्ति, सड़क, ऊर्जा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई एवं संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। आरटीआई से संबंधित 74 प्रकरणों के लिए संबंधित नोडल अधिकारी को समय पर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, जिससे आमजन को सूचना का अधिकार अधिनियम का लाभ मिल सके।

### दिन में जल रही स्ट्रीट लाइटों से बिजली का हो रहा नुकसान

- **लापरवाह कर्मचारियों की खिलाफ कार्यवाई की मांग**

**भरतपुर ( निस )।** एसटीसी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में करीब एक महीना से स्ट्रीट लाइट दिन में भी जली रहती है,जिससे बेबजह ऊर्जा तो नष्ट हो ही रही है वहीं आमजन में आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। लोहागढ़ उत्थान मोर्चा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं स्थानीय निवासी शिवकुमार वशिष्ठ ने बताया रात्रि में गली मौहल्लों को रोशन करने के लिये शहर के सभी वार्डों में लगे विधुत पोल पर नगर निगम ने एलईडी लगवा रखी हैं। नगर निगम द्वारा इन लाइटों के जलने से आने वाले बिल का भुगतान विधुत विभाग को करना पड़ता है।

नगर निगम द्वारा शाम को इन स्ट्रीट लाइटों को जलाने और सुबह बंद करने के लिये कर्मचारियों को नियुक्त कर रखा है। लेकिन एसटीसी हाउसिंग बोर्ड में लाइट जलाने व बंद करने के लिये ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। एक महीने से अधिक समय से हाउसिंग बोर्ड में स्ट्रीट लाइट जलती रहती हैं। कर्मचारी की लापरवाही से फिजूल में विधुत की हानि तो हो ही रही है, साथ ही आमजन पर भी आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वशिष्ठ ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि बेवजह से दिन में ही जल रहीं स्ट्रीट लाइटों को बंद कराने के पुख्ता इंतजाम किए जाए, साथ ही लापरवाही बरत रहे कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई अमल में लाई जाए और उनकी लापरवाही से विधुत के हो रहे नुकसान की भरपाई उनसे की जाए।

### राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्पर्धा 2.0 का भव्य शुभारंभ

**धौलपुर( निसं )।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धौलपुर में स्पर्धा 2.0 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं खेल समन्वयक डॉ. बी.एल. गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्पर्धा 2.0 खेलों के पहले दिन 100 मीटर रेस, शतरंज, म्यूजिकल चेयर एवं डम्ब्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।

आज के खेलों में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में छात्रा पूर्णिमा सेन एवं छात्र मोहित तिवारी विजेता रहे। वहीं डम्ब्स चरैड्स में टीम बी विजयी रहे।शतरंज में सर्वश्रेष्ठ 8 खिलाड़ियों एवं 100 मीटर रेस के लिये सर्वश्रेष्ठ 5 खिलाड़ियों को द्वितीय राउंड के लिए चयनित किया गया। जो आगामी दिवस को फाइनल राउंड खेलेंगे। आज के खेलो का आयोजन शिवकांत शर्मा, मिलेश चौहान, ब्रजेश कुमार, मोहित श्रीवास्तव, कुलदीप तिवारी, गिर्राज गिरि, के नेतृत्व में सफल आयोजित हुए । इस दौरान डॉ. कृष्णकांत उपाध्याय, विनय बघेला, निरंजन सिंह, माधव गर्ग,सौरव शर्मा,मनीष कुमार, वंशिका यदुवंशी, राजेश त्यागी, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

# रारह में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

- **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक महेंद्र सिंह मग्गो का संगठित समाज व राष्ट्रिनर्माण पर जोर**

**भरतपुर ( निस )।** मिनी सचिवालय, रारह में धर्मो रक्षित रक्षित: एवं सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया: के पावन संदेश के साथ विराट हिन्दू सम्मेलन 2026 का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। हिन्दू जागरण, सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रचेतना के सशक्तीकरण के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ऐतिहासिक एवं भव्य कलश यात्रा से हुआ। सैकड़ों मातृशक्ति पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुईं। पूरे नगर में धार्मिक ध्वज, जयघोष और भक्ति गीतों के साथ वातावरण पूर्णत: धर्ममय एवं भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा ने समाज की एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक गौरव का प्रभावी संदेश दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक महेंद्र सिंह मग्गो जी उपस्थित रहे। अपने प्रभावी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने संगठित समाज की शक्ति, सांस्कृतिक चेतना की आवश्यकता तथा राष्ट्रिनर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित और संस्कारित होता है, तब राष्ट्र सशक्त एवं समृद्ध बनता है। सम्मेलन की अध्यक्षता उदय सिंह कैप्टन (सातरूक) द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने क्षेत्र की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संत महाराज कल्याण दास एवं महाराज प्रेमदास ने अपने ओजस्वी एवं मार्गदर्शक प्रवचनों में धर्मपालन, संस्कार संरक्षण, गौ-सेवा, मातृ-पितृ सम्मान तथा समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना पर विशेष बल दिया।

### कुरेदा में किसान श्रमिक ग्राम चौपाल

**धौलपुर( निसं )।**धौलपुर उपखंड के कंचनपुर मंडल के कुरेंदा ग्राम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी योजना के अधिनियम 2025 - के जन जागरण अभियान के तहत किसान श्रमिक ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सोमवार को कुरेदा ग्राम में संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम किसान श्रमिक ग्राम चौपाल की प्रवासी वंदना शिवहरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम में ग्रामीण किसानों एवं श्रमिकों को योजना के उद्देश्य लाभ एवं पात्रता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वंदना शिवहरे ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर लाएगा।

### 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर कार्यक्रम

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** ब्रह्मा कुमारीज संस्था विश्व कल्याण का कार्य कर रही हैं, विश्व में शांति का सन्देश दे रही है द्यबहनों का स्वेत वस्त्र पवित्रता का प्रतीक है अर्थात इनके विचारों में स्वच्छता है इनके अंदर विश्व बंधुत्व की भावना है परमात्मा शिव श्रष्टि के रचियता भी हैं तो संहारक भी है जिन्हें देवों का भी देव महादेव कहा जाता है उक्त विचार कृषि महाविद्यालय के डीन भ्रा. उदयभान ने 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती की शुभकामनायें देते हुए अपने वक्तव्य में प्रस्तुत किये। हम सभी शिव रात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाते है क्योंकि परमात्मा शिव भोले भंडारी, ऑघड़दानी हैं, कहते हैं ईश्वर जब भी देते हैं छप्पर फाड़ के देते हैं।

# राज्यपाल ने निर्वतमान सभापति शिवरतन अग्रवाल को किया सम्मानित

गंगापुर सिटी (निसं)। निर्वतमान सभापति शिवरतन अग्रवाल को जयपुर में आयोजित ग्राम संसद राजस्थान-सरपंच संवाद कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके जनहितकारी और विकासात्मक कार्यों के लिए दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के होटल में हुआ। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं परिवर्तन विषय पर चर्चा हुई, जिसमें प्रदेशभर से जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े थे, जिन्होंने पूर्व सभापति अग्रवाल को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम संसद के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान प्रभारी अखिल द्विवेदी और संस्थापक ब्रजेश शर्मा भी उपस्थित रहे।



ग्राम संसद राजस्थान-सरपंच संवाद कार्यक्रम में शिवरतन अग्रवाल को सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व सभापति के साथ पूर्व सरपंच लाला अमरगढ़, पूर्व सरपंच अक्षिता शर्मा, पूर्व सरपंच अख्याराम गुर्जर और पूर्व सरपंच महेश जादौन भी मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री के अजमेर दौरे की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर दौरे की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के चारों मंडलों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जयपुर बाईपास पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में वजीरपुर, तलावड़ा, गंगापुर ग्रामीण और गंगापुर शहर मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने निर्देश दिए कि 24 और 25 फरवरी को सभी मंडलों में बूथ कार्यकारिणी और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएं। इन बैठकों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ताओं की सूची, वाहनों की व्यवस्था और भोजन सहित अन्य प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा होगी। धनेश शर्मा ने यह भी बताया कि मंडलों की तैयारी बैठकों के बाद 26 फरवरी को जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर में प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में एक संगठनात्मक जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के अजमेर दौरे में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद अटल, जिला उपाध्यक्ष उदय सिंह गुर्जर, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश व्यास, पुखराज सलेमपुर, चतुर्भुज गोयल, सुनीता वैष्णव, रघुनाथ फौजी सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाखों की नकबजनी की वारदात का दिहौली पुलिस ने किया पर्दाफाश

- **गिरफ्तार अभियुक्तों से करीब 10 लाख के सोने के गहनों को किया बरामद**
- **आरोपियों ने गांव पहाड़ी में सूने मकान को निशाना बनाकर दिया था वारदात को अंजाम**

**धौलपुर( निसं )।**भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चंद्र विश्नोई के मार्गदर्शन में धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस, वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना दिहौली राहुल कुमार प्रशिक्षु आरपीएस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिनांक 10 फरवरी 2026 की रात्रि में गांव पहाडी में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य सरगना दीपेन्द्र त्यागी सहित 4 अन्य को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी किये गये माल व अन्य करीब 10 लाख रूपये के सोने के गहनों को बरामद किया गया है। घटना विवरण दिनांक 11 फरवरी 2026 को प्रार्थी जुगुनू पुत्र कम्बोद त्यागी निवासी पहाडी थाना दिहौली ने थाना पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय पेश की। कि दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रार्थी जुगुनू एवं उसके परिवारीजन घर पर ताला लगाकर शादी समारोह में गये हुए थे। अगले दिन सुबह आकर घर का ताला खोला तो पता चला कि अज्ञात चोरों द्वारा घर के चौक में छत पर लगे लोहे के जाल को छत से उखाड़कर घर में प्रवेश कर कमरे में रखी अलमारी में से सोने के गहने सोने की लर (चेन), अंगूठियां, झुमकी व पैन्डल चोरी कर ले गये। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान प्रकरण में माल व मुल्जिमों की तलाश की गई। घटनास्थल से बीटीएस का संकलन किया गया व मौके पर एमओबी एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन किया गया। सदिग्धों की सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। घटना स्थल के आस-पड़ोस संदिग्ध स्थानों पर अज्ञात मुल्जिमों की घूमने के बारे में जानकारी की गई। आस-पास के सीसीटीवी कैमरों से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर विश्लेषण किया गया एवं संदिग्धों को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात संदिग्धों को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद जुर्म कबूल करने पर वारदात का खुलासा कर मुल्जिमों को गिरफ्तार किया जाकर गिरफ्तार आरोपियों से चोरी किये गये गहनों को बरामद किया गया है। वारदात के खुलासे में हेड कांस्टेबल कुशल पाल व कांस्टेबल मनोज की विशेष भूमिका रहीं। वारदात करने का तरीका- गिरफ्तार अभियुक्त गांव पहाड़ी के रहने वाले है। जिन्होंने अपने गांव के ही सूने मकान को रैकी कर वारदात को अंजाम दिया है। मुख्य आरोपी दीपेन्द्र त्यागी जो प्रार्थी के घर पर आता जाता रहता था व उसकी गतिविधियों की जानकारी रखता था। दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रार्थी व उसके परिवारीजन अपनी रिश्तेदारी में अपने मकान का ताला लगाकर शादी में शामिल होने के लिये गये हुए थे।

### मेले के दूसरे दिन ईश्वर के स्वरूप में नृत्य कला का भव्य प्रदर्शन

**धौलपुर।** जिला प्रशासन धौलपुर एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा गांधी स्टेडियम, बड़ी फील्ड, धौलपुर में आयोजित सात दिवसीय "राज सखी सरस मेला 2026" के द्वितीय दिन एक आकर्षक एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेले के दूसरे दिन विशेष रूप से ईश्वर के स्वरूप में नृत्य कला का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर भगवान के विभिन्न रूपों को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया, जिसमें शिव पार्वती, रामलला दर्शन, कृष्ण-राधा लीला, शिव तांडव, देवी के रूप एवं अन्य दिव्य स्वरूपों का चित्रण किया गया। यह प्रस्तुति दर्शकों को गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने के साथ-साथ लोक नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य की सुंदर संगम को दर्शाती रही। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस कला प्रदर्शन की सराहना की।

यह सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले के मुख्य आकर्षणों में से एक रहा, जो महिलाओं की उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक धरोहर को एक साथ मंच प्रदान कर रहा है। मेले में राजीविका की राज सखी योजना अंतर्गत जुड़ी स्वयं सहायता समूह ( ) की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई उत्पाद, खाद्य सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद एवं अन्य लोक कला वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं विक्रय भी जारी है। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के हुनर को बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखना है।